मासिक

# आजाद बोल

RNI No. - MPHIN/2020/79860

वर्ष : 6 अंक : 4 इन्दौर, 15 मार्च 2026 पृष्ठ : 8 मूल्य : 1 रुपए



### कांग्रेस ने असम चुनावों के लिए

## 23 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की

### सहयोगियों के लिए 15 सीटें छोड़ीं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने असम में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों के लिए 23 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची जारी की, जबकि पूर्वोत्तर राज्य में अपने गठबंधन सहयोगियों के लिए 15 सीटें छोड़ दीं, इस राज्य में विधानसभा चुनाव अप्रैल में होने हैं। इस ताज़ा घोषणा के साथ, पार्टी ने अब तक 126-सदस्यीय असम विधानसभा के लिए 65 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। कांग्रेस के महासचिव (संगठन) के.सी. वेणुगोपाल द्वारा जारी सूची के अनुसार, नूरुल इस्लाम श्रीजंग्राम से, अब्दुल खालेक मांडिया से, रकीबुद्दीन अहमद चमारिया से, डेविड फुकन तिनसुकिया से और बिपुल गोगोई तिनखोंग से चुनाव लड़ेंगे।

कांग्रेस ने 3 मार्च को असम विधानसभा चुनावों के लिए 42 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की थी, जिसमें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गौरव गोगोई को जोरहाट सीट से मैदान में उतारा गया था। चुनावों की घोषणा से पहले ही अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करने में बढ़त बनाते हुए, पार्टी ने कहा कि असम में कांग्रेस विधायक दल के नेता देबब्रत सैकिया नाज़िरा सीट से चुनाव लड़ेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी (PCC) के पूर्व अध्यक्ष रिपुन बोरा को बरछल्ला सीट से मैदान में उतारा गया है।

## केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुना को दी 32.27 करोड़ रु. के विकास कार्यों की सौगात

**गुना।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुना में 32.27 करोड़ रु. लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें 16.86 करोड़ रु. की लागत से जिला अस्पताल में निर्मित अत्याधुनिक क्रिटिकल केयर यूनिट और रेलवे स्टेशन तथा सकटपुर में 15.41 रु. करोड़ की लागत से तैयार सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) शामिल हैं। इस दौरान उन्होंने क्रिटिकल केयर यूनिट का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गुना के विकास को नई गति देने के लिए स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे और नागरिक सुविधाओं को लगातार मजबूत किया जा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने गुना की जनता के साथ अपने पारिवारिक संबंध का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह रिश्ता केवल राजनीति का नहीं, बल्कि विश्वास और भावनाओं का है।

**राजमाता ने दिया था 'स्वयं को कभी नहीं बदलने' का संदेश-** अपने संबोधन में केन्द्रीय मंत्री ने राजमाता श्रीमंत विजयाराजे सिंधिया के मार्गदर्शन को याद करते हुए कहा कि उनका संदेश हमेशा यही रहा कि व्यक्ति को परिस्थितियों के बावजूद स्वयं को कभी बदलने नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीति में भी मूल्यों और सेवा की भावना को बनाए रखना उनका संकल्प रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जीवन का सफर निरंतर सीखने का सफर होता है। उन्होंने कहा कि विकास परियोजनाएँ जितनी महत्वपूर्ण हैं, उतना



ही महत्वपूर्ण आम नागरिकों की व्यक्तिगत समस्याओं का समाधान करना भी है।

**16.86 करोड़ रु. की अत्याधुनिक क्रिटिकल केयर यूनिट-** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गुना में 16.86 करोड़ रु. की लागत से स्थापित अत्याधुनिक क्रिटिकल केयर यूनिट जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा परिवर्तन लाएगी। उन्होंने बताया कि यह 50 बिस्तरों वाला पूर्णतः वातानुकूलित अस्पताल है, जिसमें अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण, कंप्यूटरीकृत जांच मशीनें और आधुनिक ऑपरेशन थिएटर की सुविधाएँ उपलब्ध हैं। इससे अब गंभीर उपचार के लिए बड़े महानगरों पर निर्भरता कम होगी।



### बंगाल में निष्पक्ष चुनाव की तैयारी

## चुनाव आयोग ने डीजीपी समेत कई बड़े पुलिस अफसर बदले

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने पश्चिम बंगाल में राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और कोलकाता पुलिस आयुक्त सहित चार वरिष्ठ भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों का तबादला कर दिया। यह घटनाक्रम चुनाव आयोग द्वारा पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में चुनाव कराने की घोषणा के एक दिन बाद सामने आया है। चुनाव आयोग ने सोमवार देर रात राज्य के मुख्य सचिव और गृह सचिव का तबादला कर दिया था।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कल अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में आश्वासन दिया था कि पश्चिम बंगाल में चुनाव हिंसा-मुक्त और शांतिपूर्ण होंगे। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए, चुनाव आयोग ने राज्य में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की नियुक्ति और तबादले किए हैं, जिनमें राज्य पुलिस के डीजीपी और कोलकाता पुलिस के सीपी शामिल हैं। 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी सिद्ध नाथ गुप्ता, पीयूष पांडे की जगह पश्चिम बंगाल के नए डीजीपी बनेंगे। अजय कुमार नंद, सुप्रतिम सरकार की जगह कोलकाता पुलिस के नए आयुक्त बनेंगे।

सुधार सेवाओं के महानिदेशक और कानून-व्यवस्था के अतिरिक्त महानिदेशक का भी तबादला कर दिया गया है। नटराजन रमेश बाबू नए महानिदेशक सुधार सेवाएं होंगे और अजय मुकुंद रानाडे को कानून-व्यवस्था का नया अतिरिक्त महानिदेशक बनाया गया है।

## चुनाव तारीखों पर प्रियंका गांधी का चुनाव आयुक्त पर निशाना, भाजपा की सुविधा का रखा गया ध्यान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनावों का कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सुविधा के अनुसार बनाया गया है। केरल के वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस की लोकसभा सांसद ने कहा कि मुझे लगता है कि चुनावों की घोषित तिथियां और निर्धारित चरण भाजपा की सुविधा के अनुसार तय किए जाते हैं। केरल और तीन अन्य राज्यों - पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम और पुडुचेरी केंद्र शासित प्रदेश में 2026 में होने वाले विधानसभा चुनावों की तिथियों की घोषणा चुनाव आयोग ने कल की थी।



राष्ट्रीय राजधानी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने विधानसभा चुनावों को गर्व का त्योहार बताया और पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं से उत्साहपूर्वक भाग लेने का आग्रह किया। इन चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में मतदाता सूचियों का गहन संशोधन किया जा चुका है और अंतिम मतदाता सूचियां प्रकाशित हो चुकी हैं।

पश्चिम बंगाल में मतदान दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को होगा। केरल और असम में एक ही चरण में 9 अप्रैल को मतदान होगा, जबकि तमिलनाडु में 23 अप्रैल को मतदान होगा।

पुडुचेरी में भी मतदान 9 अप्रैल को होगा। चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि चारों राज्यों और पुडुचेरी में वोटों की गिनती 4 मई को होगी। वर्तमान विधानसभाओं का कार्यकाल अलग-अलग तिथियों पर समाप्त हो रहा है: पश्चिम बंगाल में 7 मई, तमिलनाडु में 10 मई, असम में 20 मई, केरल में 23 मई और पुडुचेरी में 15 जून।

## ईरान को समझाने में जयशंकर रहे सफल

### खाड़ी में भारतीयों की सुरक्षा के लिए मोदी लगा रहे पूरा जोर



**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्रालय की साप्ताहिक प्रेस वार्ता में प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों, विशेषकर मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच भारत की सक्रिय और संतुलित विदेश नीति का विस्तृत चित्र प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने हाल के दिनों में ईरान के विदेश मंत्री के साथ तीन दौर की बातचीत की है। इन वार्ताओं में मुख्य रूप से समुद्री जहाजरानी की सुरक्षा और भारत की ऊर्जा सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गयी। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इन वार्ताओं के बारे में अभी अधिक विस्तार से बताना सही नहीं है क्योंकि क्षेत्र की स्थिति अभी संवेदनशील और बदलती हुई है। उल्लेखनीय है कि फारस की खाड़ी क्षेत्र में हाल के घटनाक्रम के कारण तनाव बढ गया है और समुद्री व्यापार मार्गों की सुरक्षा को लेकर चिंता भी बढ़ रही है। विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक तेल व्यापार का अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है और भारत की ऊर्जा आपूर्ति का भी बड़ा हिस्सा इसी मार्ग से आता है।








# वक्फ बोर्ड में सम्पन्न हुआ रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम

**भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड द्वारा आयोजित रोज़ा एफ्तार समारोह में प्रदेश भर के गणमान्य नागरिकों एवं चारों धर्मां के धर्मगुरूओं ने की शिरकत।रमज़ान मुबारक के पवित्र माह में कार्यालय मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के परिसर में दिनांक 10 मार्च 2026 को बोर्ड अध्यक्ष जनाब डॉ. सनवर पटेल द्वारा रोज़ा इफ्तार समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें भा.ज.पा. अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब जमाल सिद्दीक़ी, प्रदेष भर के गणमान्य नागरिकों एवं चारों धर्मां के धर्मगुरू एवं वक्फों के जिम्मेदारान, जिला वक्फ कमेटी के पदाधिकारीण, इलेक्ट्रानिक मीडिया, प्रिन्ट मीडिया एवं सोशल मीडिया के प्रतिनिधिगण की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस मुबारक अवसर पर प्रदेश भर के उन इमाम-मोअज्ज़िन जिन्हें बोर्ड द्वारा नज़राना दिया जाता है, को रोज़ा से संबंधित आवष्यक सामग्री बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सनवर पटेल की अध्यक्षता में जनाब जमाल सिद्दीकी .एवं मुफ्ती-ए-शहर जनाब मुफ्ती अबुल कलाम क़ासमी के हाथों राशन किट भी दिये गये।

डॉ. सनवर पटेल ने अपने संबोधन में बोर्ड द्वारा किये जा रहे कार्यां को विस्तृत रूप से सामने रखे एवं एक बार फिर से कहा कि वक्फों की सुरक्षा वक्फ के नये कानून के दायरे में रहकर करना हब सब की नैतिक जिम्मेदारी है साथ ही वक्फ माफियाओं पर कठोर कार्यवाही करते हुए वक्फों से प्राप्त आमदनी से वाकिफ की मंशा अनुसार गरीब, बेसहारा, बेवा आदि को आर्थिक सहायता देना भी हम सब का कर्तव्य है।

भा.ज.पा. अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब जमाल सिद्दीक़ी ने अपने संबोधन में वर्तमान बोर्ड द्वारा किये जा रहे कार्यो की तारीफ की, साथ ही यह भी कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बनाये गये वक्फ कानून के दायरे में रहकर मध्यप्रदेश राज्य वक्फ बोर्ड बहुत बेहतर काम कर रहा है, यह देश के अन्य वक्फ बोर्डां के लिये आईडियल बना है एवं म.प्र. वक्फ बोर्ड की अनेक योजनाओं को देश भर के अन्य वक्फ बोर्डां में भी हमने लागू करवाया है। जनाब सिद्दीक़ी ने अपने इस दौरे में एशिया की सबसे बड़ी तारीखी भोपाल ईदगाह का भी भ्रमण किया एवं अपनी खुशी का इज़हार करते हुए कहा कि इतनी बड़ी और खूबसूरत ईदगाह मैंने पहली बार देखी है, यहां की संस्कृति एवं गंगा जमनी तहजीब़ काबिले तारीफ है। मुफ्ती साहब जनाब मुफ्ती अबुल कलाम साहब ने बोर्ड अध्यक्ष जनाब डॉ. सनवर पटेल साहब के नेतृत्व में किये जा रहे नवाचारों की खुल कर सराहना की गई। रोज़ा इफ्तार समारोह का आगाज नायब क़ाजी-ए-शहर की दुआ से हुआ। धर्मगुरूओं में काजी-ए-शहर इन्दौर जनाब इशरत अली साहब, महेंद्र शर्मा फादर आनंद भंते शाक्य सागर जी, प्रोफेसर मनोज जैन,गुरु चरण अरोड़ा जी सहीत अन्य अतिथिगण के रूप में भाजपा जिला भोपाल के अध्यक्ष रविन्द्र यति, सिहोर नगर पालिका अध्यक्ष रायसिंह मेवाड़ा, वरिष्ठ पार्षद मनोज राठोर जी, भाजपा नेता नवल प्रजापति, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री जावेद अख्तर सहित प्रदेश भर से आये मोर्चा पदाधिकारीगण, जिला वक्फ कमेटी के अध्यक्ष इरशाद अन्सारी आदि सम्मिलित हुए एवं बोर्ड परिसर में वक्फ बोर्ड, औकाफ-ए-आम्मा, मसाजिद कमेटी, हज कमेटी, उर्दू एकेडमी आदि के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में प्रदेष भर से तषरीफ लाये मेहमानों की आमद से रोज़ा इफ्तार समारोह का समापन हुआ।



## इंदौर मैं मंत्री तुलसी सिलावट समर्थक मंजूर बेग के रोजा इफ्तार में पहुंचे सभी को दी बधाई

**इंदौर।** इंदौर सर्वधर्म संघ के अध्यक्ष एवं समाजसेवी मंजूर बैग एवं हाई कोर्ट अधिवक्ता नासिर बैग के पारिवारिक रोजा इफ्तार के आयोजन आयोजन में मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट पहुंचे मंत्री तुलसी सिलावट जी रोजा इफ्तार में पहुंचने पर यहां मौजूद बड़ी संख्या में मंत्री समर्थकों ने एवं सर्वधर्म संघ के अध्यक्ष मंजूर बैग ने उनका जोरदार स्वागत किया जानकारी देते हुए समाजसेवी मंजूर बैग के ने बताया कि हर साल उनके पारिवारिक रोजा इफ्तार का आयोजन होता है इस साल भी स्टार गार्डन मानिक बाग स्थित में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया था जिसमें कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट मौजूद थे भी किया गया था पारिवारिक के नाते मंत्री तुलसी सिलावट इस आयोजन में पहुंचे उन्होंने यहां पहुंचकर आयोजन की सराहना की और बैग परिवार को रमजान के मुबारक महीने की मुबारकबाद देने के साथ ईद की अग्रिम बधाई भी दी इस मौके पर रियाज खान मुकेश बजाज नवीन भीलवाड़ा यूनुस खान पत्रकार जाकिर खान काजी अकबर मोहम्मद अकबर समीर बैग एडवोकेट मुकेश बजाज फैजान बैग रवीश पचौरी गोलू शेख बाबा माहिर शाह शकील खान याकूब खान पत्रकार समीर खान आदि लोगमौजूद थे।

### शक्ति सम्मान में हुआ कलम-योद्धाओ का सम्मान......

# एक मंच पर नवाचार के साथ 71 बेबाक पत्रकार शक्ति सम्मानित

**इंदौर।** इंदौर प्रेस क्लब में महिला दिवस के अवसर पर शक्ति गौरव समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमे शहर की 71 महिला पत्रकारों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, विधायक उषा ठाकुर,पोस्ट मास्टर जनरल प्रीति अग्रवाल, और एस पी श्रीमती यांग चेन डोलकर अतिथि के रूप में मौजूद थे। शहर के कई विशिष्टजन भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

इंदौर प्रेस क्लब शुक्रवार को एक बार फिर महिला शक्ति के सम्मान का साक्षी बन गया। कार्यक्रम सयोजक व प्रेस क्लब उपाध्यक्ष प्रियंका पांडे ने बताया की कलम की ताकत से समाज में बदलाव लाने वाली महिलाओं को सलाम करने के लिए इंदौर प्रेस क्लब द्वारा एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर होने वाला यह कार्यक्रम केवल एक सम्मान समारोह नहीं बल्कि उन महिलाओं के संघर्ष, साहस और उपलब्धियों का उत्सव है जिन्होंने पत्रकारिता और शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अमिट पहचान बनाई है। जब महिलाएं कलम उठाती हैं तो शब्द सिर्फ खबर नहीं बनते, वे समाज की दिशा बदलने का साहस बन जाते हैं। ऐसी ही प्रेरणादायक महिलाओं को आज सम्मानित किया गया। जिन्होंने अपनी लेखनी, अपनी बेबाकी और अपने साहस से पत्रकारिता की दुनिया में नई मिसाल कायम की है। इस बार कार्यक्रम में खास नवाचार लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड भी प्रदान किया गया। प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शहर की उन महिलाओं को सम्मानित करता है जिन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। इस वर्ष भी उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए 13 मार्च को एक भव्य समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम ने स्वागत उद्बोधन दिया। प्रेस क्लब उपाध्यक्ष प्रियंका पांडे ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए कहा इंदौर की पत्रकारिता महिला पत्रकारों के बिना अधूरी है। वह बहुत मेहनत के साथ काम कर रही है। पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने नए प्रतिमान स्थापित किए हैं।महासचिव प्रदीप जोशी ने लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड और विशिष्ट सम्मान से अलंकृत महिला पत्रकार साथियों का परिचय दिया।



इस बार कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण ङलाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड रहा, जो की अनेक मीडिया संस्थानों में सेवाएं दे चुकी वरिष्ठ पत्रकार सुश्री जयश्री पिंगले और प्रभात किरण के बेबाक सीनियर जर्नलिस्ट सुश्री मनीषा दुबे जी को प्रदान किया गया!

**महिला गौरव सम्मान**

कार्यक्रम की उप संयोजक प्रेस क्लब की महिला प्रतिनिधि पूनम शर्मा ने बताया कार्यक्रम में शिक्षा और पत्रकारिता के क्षेत्र में नई पीढ़ी को दिशा देने वाली तीन हस्तियों को महिला गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया इनमें डॉ. सोनाली सिंह, डॉ. जमना मिश्रा और डॉ. वंदना जोशी शामिल हैं। इन तीनों शिक्षाविदों ने न केवल शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है बल्कि कई युवा पत्रकारों और छात्रों को भी नई राह दिखाई है। इसके अलावा शहर की उन महिला पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। इसमें अग्निबाण की सीनियर रिपोर्टर प्रियंका जैन देशपांडे, नासिरा मंसूरी, दैनिक भास्कर से नीता सिसोदिया, रजनी भंडारी, टाइम्स ऑफ इंडिया करिश्मा कोतवाल, इंडिया न्यूज़ की स्पेशल संवाददाता नाज पटेल, दैनिक भास्कर सोदामनी मजूमदार, रूखसाना मिर्जा को भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में केवल वरिष्ठ पत्रकार ही नहीं बल्कि नई पीढ़ी की महिला पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया ट पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 40 से अधिक महिला पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार अरविन्द तिवारी, इंदौर प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम महासचिव प्रदीप जोशी,वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय त्रिपाठी,सचिव अभिषेक चेंडके,कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद दीक्षित,अभय तिवारी,अंशुल मुकाती,मनीष मक्खर,श्याम कामले,विजय भट्ट, पूनम शर्मा मौजूद थे।






# न्यू लोहा मंडी में अवैध गैस गोदाम पर छापा

## 66 सिलेंडर, बुलेट मोटरसाइकिल व उपकरण जब्त, जिला प्रशासन ने भंडारण स्थल किया सील

**इंदौर।** शहर में गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण और कालाबाजारी के खिलाफ जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए न्यू लोहा मंडी क्षेत्र में एक अवैध गैस गोदाम का भंडाफोड़ किया है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई कर 66 गैस सिलेंडर सहित कई उपकरण जब्त किए और भंडारण स्थल को सील कर दिया।

कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर जिला आपूर्ति नियंत्रक एम.एल. मारू के मार्गदर्शन में गठित दल ने गुरुवार सुबह करीब 6 बजे कार्रवाई की। टीम ने हरिओम गुप्ता के अवैध गोदाम पर छापा मारते हुए 24 व्यावसायिक और 42 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए। इसके अलावा गैस रिफिलिंग में उपयोग होने वाली तीन इलेक्ट्रिक मोटर और दो तौल कांटे भी मौके से जब्त किए गए।जांच के दौरान यह भी सामने आया कि सिलेंडरों की ढुलाई और रिफिलिंग के काम में एक बुलेट मोटरसाइकिल का उपयोग किया जा रहा था,जिसे टीम ने जब्त कर लिया। छापे के दौरान आरोपी मौके से फरार हो गया।

कार्रवाई के बाद गोदाम में रखे सभी सिलेंडर और उपकरण जब्त कर भंडारण स्थल को सील कर दिया गया है। मामले में आगे की जांच और वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अंकुर गुप्ता, सुचित्रा दुबे और अजय अस्थाना सहित विभागीय दल शामिल रहा।

# लाखों की चोरी : सूने मकान पर चोरों ने हाथ साफ किया

**इंदौर।** पुलिस की रात्रि गश्त कमजोर होने का फायदा चोर उठाने में लगे हुए हैं। चोरों ने तिलक नगर थाना क्षेत्र में सूने मकान को निशाना बनाते हुए वहां से लाखों के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना वृंदावन कॉलोनी स्कीम नंबर 140 में रहने वाली प्रीति पटेल के घर पर हुई। फरियादी ने बताया कि वे आवश्यक कार्य से कुछ दिन पहले घर से बाहर गई हुई थी। जब घर लौटी तो चोरी का पता चला।चोर अलमारी से करीब आधा किलो चांदी की पायल, 250 ग्राम का चांदी का कंदोरा, दो मंगलसूत्र, दो जोड़ी अन्य पायल, सोने की अंगूठी और कान के टॉप्स और 4500 रुपए नकद अपने साथ ले गए। घटना का खुलासा तब हुआ, जब परिवार वापस घर लौटा और मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों का सुराग लगाया जा सके।

# धोखाधड़ी : ग्रीनवेली सोसायटी पदाधिकारियों पर रहवासियों ने कनाडिया थाने पर की लिखित शिकायत

**इंदौर।** ग्रीनवेली सोसायटी के सदस्यों ने चार पदाधिकारियों पर एक करोड़ से अधिक की आर्थिक अनियमितता का आरोप लगाया है। पदाधिकारियों ने सोसायटी मेंटेनेंस और अन्य विकास कार्य के लिए राशि ली, लेकिन उसका उपयोग नहीं किया। कनाडिया थाने पर फरियादी सोनम ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2022 में सोसायटी का प्लाट लेकर वहां निर्माण किया था। मेरे अलावा अन्य सदस्यों से भी सोसायटी पदाधिकारियों ने अलग-अलग राशि वसूली। जब सोसायटी ने विकास कार्य नहीं किए तो सदस्यों ने हिसाब मांगा। इस पर पदाधिकारियों ने टालमटोल वाला जबाव दिया। परेशान होकर सदस्यों ने शिकायत दर्ज कराई। फरियादियों की शिकायत पर पुलिस ने पदाधिकारी रेखा पति अनिल, सपना पिता विकास जैन, सोनिया पति हेमंत चौधरी और अपर्णा पति अनिल श्रीवास्तव के खिलाफ नामजद शिकायत कराई है।

**इनका कहना है**

ग्रीन वेली सोसायटी के सदस्यों ने पदाधिकारियों की शिकायत की है। जांच के बाद सभी पर कार्रवाई की जाएगी।

**-सहर्ष यादव, टीआई कनाडिया।**

# सर्वधर्म संस्था करवाएगी अल्लाह के घर का दीदार

## गरीब के चेहरे पर खुशी देना सबसे बड़ी इबादत-मंजूर बेग

**इंदौर।** अल्लाह कहता है 'मैं अपने बंदों पर उतना ही बोझ डालता हूं जितना वो सह सके' और इसी के चलते इस्लाम में हज उमराह ज़कात जैसी इबादत से गरीबों को मुक्त रखा गया है। लेकिन गरीबी के बावजूद हर मुसलमान की हसरत



होती है कि वो खुदा के घर के दीदार कर सके।

ऐसी ही कुछ हसरत नूरजहां बेगम की भी थी। लेकिन माली हालात इस बात की इजाज़त नहीं दे रहे थे। लेकिन कहते हैं न अल्लाह दिलों के हाल जनता है और लगन सच्ची हो तो अल्लाह खुद असबाब बना देता है। अल्लाह ने सर्वधर्म संस्था को ज़रिया बनाया।

पिछले 25 सालों से समाज में धार्मिक सौहार्द और भाईचारे के साथ सामाजिक कार्य करने वाली संस्था ने सिर्फ नूरजहां बेगम ही नहीं बल्कि उनके बेटे शेख मोहम्मद को भी अल्लाह के घर का दीदार करने के लिए भेजने का फैसला किया। पासपोर्ट बनाने से लेकर उनके मक्का मदीने तक सफर के सारे इंतज़ाम सेवाधर्म संस्था ने किए हैं।

**सर्वधर्म संस्था के अध्यक्ष मंज़ूर बेग कहते हैं कि :-'** अल्लाह कहता है कि- 'करो मेहरबानी तुम अहले ज़मीं पर, खुदा मेहरबां होगा तुम पर अर्शे बरी पर' इसी के चलते हमने नूरजहां बी और उनके बेटे को उमराह पर भेजने का फैसला किया है। बेग कहते हैं अगर हमारी वजह से किसी के चेहरे पर खुशी आती है तो इससे बड़ी कोई इबादत नहीं हो सकती। संस्था सामाजिक सौहार्द के लिए काम करती है और इसमें सभी धर्म के लोग शामिल हैं जल्द ही संस्था गरीब हिंदुओं को भी धार्मिक यात्रा पर भेजने की योजना बना रही है। नूरजहां बी और उनका बेटा शेख मोहम्मद 19 मार्च 2026 को इंदौर से मक्का मदीना उमराह पर रवाना होंगे उसके पूर्व संस्था के मंज़ूर बैग हाजी इमरान कुरेशी मुकेश बजाज रियाज खान समीर बैग माहिर शाह बाब ने पुष्प मालाओं से उनका स्वागत किया कहा कि जहां वो देश सहित दुनिया में अमन चैन और शान्ति की विशेष दुआ करेंगे गुजारिश की है।

# तांत्रिक ने युवती को मारा

**इंदौर।** लंबे समय से बीमार बेटी का इलाजा कराने मां तांत्रिक के पास लेकर गई। इस दौरान तांत्रिक ने युवती के शरीर से भूत निकालने उसके साथ चिमटे से मारपीट की। इस दौरान मां बीचबचाव करने आई तो उसे भी मारा। पीडित् महिला ममता की शिकायत पर एरोड्रम थाना पुलिस ने तांत्रिक सुरेश पिता ख्यालीराम कौशल निवासी महावीर नगर पर केस दर्ज किया है। फरियादी के अनुसार, उसकी बेटी शालिनी की तबीयत लंबे समय से खराब रहती है। इसी कारण वह 10 मार्च को सुरेश के पास झाड़-फूंक कराने लाई थी। यहां सुरेश ने शालिनी को देखकर उसे लौंग, नींबू और भभूत दी और घर जाकर खाने के लिए कहा। साथ ही अगले दिन रात में दोबारा आने को कहा। अगले दिन रात में सुरेश ने गेट पर रोकते हुए कहा शालिनी को बाहर बैठा लिया। इसके बाद ममता से कहा कि शालिनी के अंदर भूत है, उसे बाहर निकालना पड़ेगा। इसी दौरान उसने चिमटा उठाकर शालिनी को मारना शुरू कर दिया। घटना के दौरान पीडिता का जीजा और पड़ोस की महिला भी बचाव के लिए पहुंचे, लेकिन आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।



# भागीरथपुरा में जल व्यवस्थाओं का आयुक्त ने किया निरीक्षण


## नागरिकों से संवाद कर जानी जलापूर्ति की स्थिति, कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश

**इंदौर।** नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने सोमवार सुबह भागीरथपुरा क्षेत्र का निरीक्षण कर जल आपूर्ति व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अपर आयुक्त नरेंद्र नाथ पांडे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। आयुक्त सिंघल सबसे पहले भागीरथपुरा स्थित पानी की टंकी परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने गठित बीट टीमों के साथ बैठक कर क्षेत्र में चल रहे जल वितरण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बीटवार जलापूर्ति की स्थिति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों से पूछा कि किन क्षेत्रों में पानी पहुंच रहा है और नागरिकों को स्वच्छ व पर्याप्त जल मिल रहा है या नहीं। साथ ही बीट स्तर पर आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। इसके बाद आयुक्त ने क्षेत्र का भ्रमण कर नागरिकों से सीधे संवाद किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्हें नियमित रूप से स्वच्छ और पर्याप्त पानी मिल रहा है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने शेष क्षेत्रों में जलापूर्ति से जुड़े कार्य शीघ्र पूर्ण करने और रेस्टोरेशन कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

# इंदौर में कलेक्टर गाइडलाइन दरों में बढ़ोतरी की तैयारी

## 2606 लोकेशन पर दरें बढ़ाने का प्रस्ताव, 158 नई कॉलोनियां होंगी शामिल

**इंदौर। जिले में वर्ष 2026-27 की कलेक्टर गाइडलाइन दरों को लेकर प्रक्रिया शुरू हो गई है। कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित जिला मूल्यांकन समिति की बैठक में पंजीयन विभाग ने दरों में संशोधन का प्रस्ताव पेश किया। संपदा 2.0 सॉफ्टवेयर के जरिए अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 तक हुई रजिस्ट्रियों के आंकड़ों के विश्लेषण में कई क्षेत्रों में बाजार भाव मौजूदा गाइडलाइन दरों से अधिक पाए गए, जिसके आधार पर बढ़ोतरी का प्रस्ताव तैयार किया गया है।**



**2606 लोकेशन पर बढ़ोतरी का प्रस्ताव-**जिले की कुल 4840 लोकेशनों में से 2606 स्थानों पर गाइडलाइन दरें बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया है, जबकि शेष स्थानों पर दरें फिलहाल यथावत रखने का सुझाव दिया गया है। प्रस्ताव के अनुसार शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में 10 से 180 प्रतिशत तक वृद्धि हो सकती है, हालांकि अधिकांश जगहों पर 21 से 50 प्रतिशत तक बढ़ोतरी का अनुमान है।

**158 नई कॉलोनियां जुड़ेंगी, 597 लोकेशन होंगी मर्ज-**नए वित्तीय वर्ष में 158 नई कॉलोनियों को गाइडलाइन में शामिल करने की तैयारी है। साथ ही 597 लोकेशनों को आसपास की लोकेशन के साथ मर्ज करने का प्रस्ताव रखा गया है, जिनमें महू क्षेत्र की सबसे अधिक 175 लोकेशन शामिल हैं।

**दर निर्धारण पर विस्तृत चर्चा-**बैठक में विधायक महेंद्र हार्डिया, नगर निगम आयुक्त शिवम सिंघल, आईडीए सीईओ डॉ. परीक्षित झाड़े सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। प्रस्तावों पर चर्चा के बाद अंतिम दरों का निर्धारण किया जाएगा।

# डायवर्शन टैक्स : डेली कॉलेज, पिंटू छाबड़ा को नोटिस, 31 मार्च के पहले जमा करने का कहा

**इंदौर।** वित्तीय वर्ष खत्म होने से पहले जिला प्रशासन ने डायवर्सन टैक्स की वसूली तेज कर दी है। इसी कड़ी में प्रशासन ने डेली कॉलेज प्रबंधन के साथ-साथ शहर के बड़े मॉल संचालक गुरजीत सिंह उर्फ पिंटू छाबड़ा और उनकी पत्नी प्रभजोत कौर को भी नोटिस जारी किए हैं। ये नोटिस जूनी इंदौर तहसील के अधिकारियों ने जारी किए हैं। अधिकारियों ने उक्त राशि चालू वित्तीय वर्ष की समाप्ति तक जमा करने को कहा है। जानकारी के मुताबिक, प्रशासन ने डेली कॉलेज को डायवर्सन टैक्स बकाया को लेकर दो नोटिस थमाए हैं। पहला नोटिस कॉलेज के प्रिंसिपल के नाम जारी किया गया है, जिसमें बताया गया है कि मूसाखेड़ी स्थित कॉलेज की 3 लाख 34 हजार 870 वर्गमीटर जमीन का पिछले पांच वर्षों से डायवर्सन टैक्स जमा नहीं



किया गया है।

**टैक्स के साथ जुर्माना भी लगाया-**इस बकाया में करीब 1 करोड़ रुपए टैक्स और उस पर 50 प्रतिशत जुमार्ना जोड़ते हुए कुल 1.50 करोड़ रुपए की राशि जमा करने का नोटिस दिया गया है। इसके अलावा कॉलेज की ही चितावद ग्राम स्थित 29 हजार 670 वर्गमीटर जमीन के डायवर्सन टैक्स को लेकर दूसरा नोटिस जारी किया गया है। इसमें 13 लाख 35 हजार रुपए टैक्स के साथ 50 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है। पिछले पांच साल का बकाया वसूली नोटिस जारी किया गया है।

**छाबड़ा दंपति पर भी 1 करोड़ की वसूली-**इसी तरह बायपास के पास निपानिया क्षेत्र स्थित जमीन को लेकर भी छाबड़ा दंपति को नोटिस जारी किया गया है। यह वही जमीन है जहां अक्सर बड़े म्यूजिक कॉन्सर्ट और आयोजन होते हैं। पहली जमीन 3.667 हेक्टेयर है, जिस पर 57 लाख 36 हजार रुपए, दूसरी जमीन 1.939 हेक्टेयर है। इस पर 49 लाख 25 हजार रुपए की वसूली नोटिस जारी किया गया है।

**समय पर राशि नहीं भरी तो होगी कुर्की-**प्रशासन की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि तय समय सीमा में बकाया राशि जमा करनी होगी। यदि भुगतान नहीं किया गया तो तहसीलदार की ओर से कुर्की जैसी सख्त कार्रवाई भी की जा सकती है। दरअसल, इस साल इंदौर में डायवर्सन टैक्स की वसूली लक्ष्य से पीछे चल रही है।




# दूषित जल कांड के मृतकों की अस्थि यात्रा प्रयागराज रवाना

### भागीरथपुरा में विधि-विधान से पूजन के बाद ट्रेन से भेजे गए अस्थि कलश

**इंदौर।** भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित जल पीने से हुई मौतों के बाद मृतकों की अस्थियों का विधि-विधान से पूजन कर अस्थि विसर्जन यात्रा निकाली गई। शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि क्षेत्र में कई मृतकों के अस्थि कलशों का पूजन कर उन्हें ट्रेन के माध्यम से प्रयागराज के लिए रवाना किया गया, जहां अस्थि विसर्जन, पिंडदान और तर्पण किया जाएगा।

भागीरथपुरा में ब्राह्मणों द्वारा धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ पूजन कराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेस ने दीपक मलोरिया रानू को भागीरथपुरा क्षेत्र की जिम्मेदारी भी सौंपी है।

इस अवसर पर प्रमोद द्विवेदी, अर्चना जायसवाल, जितेन्द्रसिंह ठाकुर सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल रहे। आयोजन के दौरान मृतकों को श्रद्धांजलि भी दी

# रविवार को भी खुली रहेंगी गैस एजेंसियां, बुकिंग और रिफिल जारी

**इंदौर।** जिले में घरेलू गैस आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर रविवार को भी सभी गैस एजेंसियों के कार्यालय खुले रहेंगे और गैस बुकिंग तथा रिफिल का कार्य सामान्य दिनों की तरह जारी रहेगा। जिला आपूर्ति नियंत्रक एम.एल. मारू ने बताया कि सभी सेल्स ऑफिसरों को निर्देश दिए गए हैं कि जिले में कोई भी गैस एजेंसी रविवार को बंद न रहे। एजेंसी संचालकों और उनकी टीमों को पूरी क्षमता के साथ काम करने के लिए कहा गया है। इसके लिए आवश्यक मानव संसाधन, वाहनों और अन्य व्यवस्थाओं की तैयारी करने के निर्देश भी दिए गए हैं।प्रशासन के अनुसार रविवार को भी गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी जरूरत के अनुसार जारी रहेगी, ताकि सोमवार को बुकिंग का अत्यधिक दबाव न बढ़े और उपभोक्ताओं को परेशानी न हो। इसके साथ ही गैस प्लांट भी रविवार को संचालित रहेंगे, जिससे जिले में गैस की आपूर्ति और वितरण व्यवस्था निर्बाध रूप से जारी रह सके।








# पलासिया चौराहे पर हेलमेट जागरूकता अभियान, जरूरतमंद चालकों को बांटे हेलमेट

### अब तक 23 कार्यक्रमों में 3700 से अधिक हेलमेट वितरित

**इंदौर।** सड़क सुरक्षा को लेकर इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा हेलमेट पहनें-सुरक्षित रहें अभियान के तहत लगातार जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को पलासिया चौराहे पर वृहद हेलमेट जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय) आर.के. सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त (प्रभारी यातायात) राजेश कुमार त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।अभियान के दौरान ऐसे दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट प्रदान किए गए जिनके पास वाहन से संबंधित सभी दस्तावेज मौजूद थे, लेकिन वे हेलमेट नहीं पहन रहे थे। वहीं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के चालान भी किए गए और उन्हें सड़क सुरक्षा का महत्व समझाते हुए हेलमेट पहनने की सलाह दी गई।

# इंदौर में घरेलू गैस, पेट्रोल और डीजल की कमी नहीं, कलेक्टर ने कहा, लोग घबराएं नहीं

## होटलों को कमर्शियल सिलेंडर की जगह वैकल्पिक उपाय अपनाने की सलाह

**इंदौर।** जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि इंदौर जिले में घरेलू गैस सिलेंडर, पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है। आम उपभोक्ताओं को घबराने की आवश्यकता नहीं है। कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्टर कार्यालय में गैस आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीपीसीएल, एचपीसीएल, आईओसी, अवन्तिका के सेल्स अधिकारी, गैस एजेंसियों के प्रतिनिधि, एचपीसीएल गैस प्लांट मांगलिया के मैनेजर तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जाए, आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनी रहे। किसी भी उपभोक्ता को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

**सिलेंडर बुकिंग दस गुना बढ़ी-**जिला आपूर्ति नियंत्रक एमएल मारू ने बताया कि हाल ही में लोगों में आशंका के कारण बुकिंग में अचानक वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि पिछले दो दिनों के आंकड़ों में सामान्य दिनों की तुलना में लगभग 10 गुना अधिक बुकिंग दर्ज की गई। इससे यह स्पष्ट है कि लोगों में अनावश्यक भय का माहौल बना है। उन्होंने कहा कि 14 किलोग्राम के घरेलू गैस सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता है और उपभोक्ताओं को नियमित रूप से बुकिंग के आधार पर सिलेंडर मिलते रहेंगे। ऑयल कंपनियों द्वारा केवल इतना बदलाव किया गया कि सिलेंडर की अगली बुकिंग का अंतर 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है। उपभोक्ताओं को सामान्यतः बुकिंग के तीन दिन के भीतर डिलेवरी घर पर ही ओटीपी के माध्यम से दी जा रही है।




**होटलों को वैकल्पिक साधनों के सलाह-** बैठक में बताया गया कि वर्तमान में कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति अस्थायी रूप से प्रभावित है। इसलिए होटल, रेस्टोरेंट और कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े लोगों को अस्थायी रूप से डीजल भट्टी, इंडक्शन, इंफ्रारेड इलेक्ट्रिक कॉइल जैसे वैकल्पिक साधनों का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

कलेक्टर ने गैस एजेंसियों को निर्देश दिए कि घरेलू उपभोक्ताओं को समय पर होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाए और किसी प्रकार की कालाबाजारी नहीं होने दी जाए। यदि होटल या अन्य व्यवसायों को घरेलू सिलेंडर दिए जाने की शिकायत मिलती है, तो संबंधित एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**शैक्षणिक संस्थान और अस्पतालों को आपूर्ति होगी-**बैठक में बताया गया कि शैक्षणिक संस्थान और अस्पतालों के लिए ऑयल कंपनी द्वारा दी गई छूट अनुसार कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति सुचारू बनी रहेगी। प्रशासन द्वारा निगरानी के लिए तीन जांच दल गठित किए गए हैं, जो सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करेंगे, ताकि आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

**पारदर्शिता के उपाय किए गए-**उन्होंने बताया कि गैस वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए अब सिलेंडर डिलीवरी के समय उपभोक्ता से ओटीपी अनिवार्य रूप से लिया जाएगा, जिससे अनियमितता की संभावना कम होगी। साथ ही, शहर में जहां पीएनजी पाइपलाइन उपलब्ध है, वहां होटल और रेस्टोरेंट को प्रक्रिया पूर्ण कर तत्काल कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। अवंतिका गैस कंपनी ने इस संबंध में त्वरित व्यवस्था करने का आश्वासन दिया है।

**समस्या होने पर यहां शिकायत करें-** इंदौर में घरेलू गैस सिलेंडरों की सप्लाई को लेकर फिलहाल किसी प्रकार की कमी या समस्या नहीं है। प्रशासन के अनुसार शहर में गैस की उपलब्धता सामान्य बनी हुई है और उपभोक्ताओं को नियमित रूप से सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यदि किसी उपभोक्ता को भारत गैस, इंडेन गैस या एचपी गैस के डीलर द्वारा सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जाता, तो इसकी शिकायत संबंधित कंपनी के कस्टमर केयर नंबरों पर की जा सकती है। भारत गैस हेल्पलाइन नंबर 1800-22-4344 (टोल फ्री), इंडेन गैस कस्टमर केयर नंबर 1800-2333-555 (टोल फ्री) और एचपी गैस कस्टमर केयर नंबर 1800-2333-555 (टोल फ्री) उपभोक्ता इन टोल फ्री नंबरों पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिस पर संबंधित कंपनी द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



इंदौर में शस्त्र लाइसेंस का बढ़ा क्रेज

## हर माह करीब 50 आवेदन, लेकिन जारी होते हैं गिने-चुने लाइसेंस

**इंदौर।** पिछले चार-पांच वर्षों में शहर में शस्त्र लाइसेंस लेने का क्रेज तेजी से बढ़ा है। पहले जहां महीने में केवल 10 से 15 आवेदन आते थे, वहीं अब यह संख्या बढ़कर करीब 50 आवेदन प्रतिमाह तक पहुंच गई है। इनमें सबसे ज्यादा आवेदन 12 बोर की बंदूक और राइफल के लिए किए जा रहे हैं।हालांकि राज्य सरकार की सख्त नीति के कारण रिवॉल्वर और पिस्टल के लाइसेंस बहुत कम जारी किए जा रहे हैं। बताया जाता है कि प्रतिमाह इन श्रेणियों में केवल दो से चार आवेदन ही आते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पास गृह विभाग होने के बाद से इंदौर जिले में रिवॉल्वर-पिस्टल के लाइसेंस बेहद सीमित मामलों में ही स्वीकृत हुए हैं। इनमें अधिकतर निशानेबाज खिलाड़ियों या परिजनों की मृत्यु के बाद शस्त्र नामांतरण के प्रकरण शामिल हैं।

प्रशासनिक स्तर पर भी लाइसेंस जारी करने में सतर्कता बरती जा रही है। पहले कलेक्टर आशीष सिंह के समय महीने में एक-दो लाइसेंस ही जारी होते थे और वर्तमान कलेक्टर शिवम वर्मा भी इसी नीति पर काम कर रहे हैं। लाइसेंस प्रक्रिया में बंदूक या राइफल के लिए 15 से 20 हजार रुपए की रेडक्रॉस सोसाइटी में डोनेशन रसीद कटवाना अनिवार्य है, जबकि पिस्टल के लिए यह राशि 80 से 85 हजार रुपए तक बताई जाती है।

जानकारों के अनुसार शहर में उत्तर प्रदेश और बिहार से आए लोगों के साथ-साथ व्यापारी, बिल्डर और कुछ राजनीतिक लोग भी बड़ी संख्या में पिस्टल-रिवॉल्वर लाइसेंस के लिए आवेदन कर रहे हैं। वर्तमान में इंदौर जिले में कुल 10,517 वैध शस्त्र लाइसेंस दर्ज हैं, जिनमें पिस्टल, रिवॉल्वर, राइफल और बंदूक शामिल हैं।

बिचोली हाप्सी ब्रिज पर भीषण हादसा

# केले से भरा आयशर ट्रक से टकराया ड्राइवर और क्लीनर की मौके पर मौत

## केबिन में फंसे शवों को 3 जेसीबी और क्रेन से निकाला गया

**इंदौर।** शहर के कनाडिया थाना क्षेत्र में बिचोली हाप्सी ब्रिज पर बुधवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। केले से भरा एक आयशर वाहन तेज रफ्तार में हाईवे किनारे खड़े ट्रक से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आयशर चालक और क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई और दोनों के शव केबिन में बुरी तरह फंस गए।

पुलिस के मुताबिक आयशर वाहन राऊ की ओर से देवास की तरफ जा रहा था। इसी दौरान बिचोली हाप्सी ब्रिज के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक से उसका संतुलन बिगड़ गया और वाहन सीधे पीछे से ट्रक में जा घुसा।



हादसे के समय ट्रक पर एक जेसीबी मशीन रखी हुई थी, जिससे टक्कर और भी घातक हो गई। आयशर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और केबिन ट्रक के ऊपर रखी जेसीबी में जा घुसा।

हादसे में आयशर चालक रमेश उर्फ राजेश पुत्र फूलचंद गोयल निवासी बड़वानी और क्लीनर राजू उर्फ राजेश निवासी बोधवाड़ा, धार की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद दोनों शव केबिन में फंस गए थे, जिन्हें निकालने के लिए पुलिस और रेस्क्यू टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी।सूचना मिलते ही कनाडिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और करीब देर तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। तीन जेसीबी और एक क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त केबिन को हटाकर दोनों शवों को बाहर निकाला गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अंधेरे के कारण चालक को सड़क किनारे खड़ा ट्रक और उस पर रखी जेसीबी दिखाई नहीं दी। पुलिस ने ट्रक और जेसीबी को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



## गैस की किल्लत : बंगाली चौराहा जाम

**इन्दौर।** शहर के व्यस्त बंगाली चौराहे के नजदीक आशीष नगर की अपेक्षाकृत शांत सड़क पर गैस की किल्लत का असर दिखाई दे रहा है। गैस एजेंसी के सामने दिनभर लगने वाले जाम से आसपास के रहवासी और वाहन चालक परेशान हैं। सर्विस रोड से लगने वाली इस सड़क पर लगातार यातायात बाधित होता है और दिनभर जाम के हालात बनते हैं। गैस सिलेंडर लेने आने वाले लोग सड़क किनारे वाहन खड़े कर देते हैं। रहवासियों के अनुसार सुबह से शाम तक वाहनों की कतार लगी रहती है, जिससे लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# डबल इंजन की सरकार में बहनों को मिल रही हैं डबल खुशियां : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की 1.25 करोड़ बहनों के खातों में अंतरित किए 1836 करोड़ रुपये

**ग्वालियर जिले को दी 122 करोड़ रुपये के 54 विकास कार्यों की सौगात**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की बहनें आत्मनिर्भरता एवं स्वावलम्बन के मामले में पूरे देश के लिए उदाहरण बन रही हैं। प्रदेश के 5 लाख से अधिक स्व-सहायता समूहों से जुड़कर करीब 65 लाख बहनें आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं। आज प्रदेश में 12 लाख से अधिक लखपति दीदियां कार्यरत हैं। हम महिला उद्यमियों को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं। हमारी बहनें अब फैक्ट्रियों और उद्योगों का नेतृत्व कर रही हैं। प्रदेश के 47 प्रतिशत नए स्टार्ट-अप का नेतृत्व अब हमारी बहनों के हाथों में है। हम सभी बहनों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए मिशन मोड में कार्य करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है, इसलिए यहां की बहनों को लाड़ली लक्ष्मी और लाड़ली बहना योजना के रूप में डबल खुशियां मिल रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्वालियर जिले के शबरी माता मंदिर परिसर, घाटीगांव में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन में लाड़ली बहनों को संबोधित कर रहे थे।








मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत प्रत्येक कठिन परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखा है। इसमें प्रदेश की बहन-बेटियां भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नवरात्रि से पहले आज बहनों को 1500 रुपए की सौगात मिल रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लाड़ली बहना योजना में बहनों को योजना की 34वीं किश्त प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 27 हजार से अधिक बहनों के खाते में 1 हजार 836 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की। इनमें ग्वालियर जिले की 3 लाख 16 हजार से अधिक लाड़ली बहनें भी शामिल हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब प्रदेश की हर लाड़ली बहनों के खाते में हर महीने 1500 रुपये भेजे जा रहे हैं। लाड़ली बहन योजना में अब तक 52 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि बहनों को दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी लाड़ली बहनों से अपील करते हुए कहा कि वे हर महीने मिलने वाली इस राशि से अपनी बेहतरी के लिए कोई भी रुचिकर काम-धंधा शुरु करें और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण में योगदान दें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर जिले को 121 करोड़ 95 लाख रुपये की लागत वाले 54 विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने सिंगल क्लिक से लगभग 60 करोड़ रुपये की लागत के 35 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लगभग 62 करोड़ रुपये की लागत वाले 19 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसमें 39 करोड़ 86 लाख रुपये की लागत से कुलैथ घाटीगांव में शासकीय सांदीपनि विद्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी शामिल है।

# एक मई से 30 मई 2026 तक होगा मकानों की सूचीकरण एवं भवन गणना का कार्य



**इंदौर में जनगणना-2027 के सफल संचालन के लिए जिला स्तर के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ शुरू**

**इन्दौर।** भारत की जनगणना-2027 के सफल संचालन और प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए इंदौर जिले में व्यापक तैयारियां जारी है। जनगणना के कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को विभिन्न चरणों में लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी सिलसिले में आज बुधवार से द्वितीय चरण का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण कलेक्टर कार्यालय स्थित ई-दक्ष केंद्र सेटेलाइट भवन में आयोजित हो रहा है। इस प्रशिक्षण में अधिकारियों को जनगणना से जुड़ी विभिन्न प्रक्रियाओं और तकनीकी व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया गया कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई से 30 मई 2026 तक किया जाएगा। इस चरण में जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर भवनों और परिवारों से संबंधित प्रारंभिक जानकारी एकत्रित की जाएगी।

जनगणना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नगरीय और ग्रामीण स्तर पर चार्ज अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इन अधिकारियों को जिला स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, ताकि जनगणना की पूरी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और पारदर्शी तरीके से संचालित किया जा सके।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती निशा डामोर, वरिष्ठ जिला योजना अधिकारी श्री माधव बेंडे सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जनगणना के जिला प्रभारी श्री सूरज बडगे ने प्रतिभागियों को सीएमएमएस (जनगणना प्रबंधन एवं मॉनिटरिंग प्रणाली) पोर्टल के माध्यम से हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण दिया। उन्होंने जिला जनगणना हस्तपुस्तिका, ग्राम निर्देशिका/नगर निर्देशिका अनुसूची तथा संपूर्ण प्रक्रिया प्रवाह के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों की सूची को एक्सेल शीट के माध्यम से पोर्टल पर अपलोड करने तथा उनके नियुक्ति आदेश जारी करने की प्रक्रिया के बारे में भी वस्तिार से बताया गया।

## तनुश्री और आयुषी भी सम्मानित

मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में कम समय के पत्रकारिता के अपना अलग स्थान बनाने वाली शहर की दो युवा जर्नलिस्ट तनुश्री देसाई और आयुषी सिंह को भी महिला दिवस के अवसर पर





इंदौर प्रेस क़ल्ब ने सम्मानित किया है दोनो युवा पत्रकारो में तनुश्री ने भोपाल में बाद इंदौर में एनडीटीवी में रिपोर्टर के तौर पर कार्य शूर किया और शहर में अपनी अलग पहचान बनाई है इसी तरह युवा पत्रकार आयुषी सिंह ने भोपाल के बाद इंदौर शहर में लोकतंत्र न्यूज़, आज़ाद बोल और अपना खुद़ का तेज़ गति न्यूज़ न्यूज़ चैनल शुरू किया जिसके एक लाख से ज़्यादा फ़ालोवर है इसी तरह अब वह राजीव टाइम्स में रिपोर्टर के रूप में कार्य कर रही है।

# इंदौर में संकल्प से समाधान अभियान को गति, लाखों आवेदनों का हुआ निराकरण

**इंदौर।** जिले में कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में संकल्प से समाधान अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभिन्न विभागों की सेवाओं और योजनाओं से जुड़े आवेदनों के त्वरित निराकरण के लिए लगातार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार अब तक जिले में आयोजित शिविरों में एक लाख 32 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 1 लाख 29 हजार 313



आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है, जबकि शेष आवेदनों पर कार्रवाई जारी है। अभियान के तहत 65 सेवाओं और 41 योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुंचाया जा रहा है।प्रदेश सरकार द्वारा यह अभियान 12 जनवरी से शुरू किया गया है, जो 31 मार्च 2026 तक चार चरणों में संचालित होगा। स्वामी विवेकानंद जयंती से शुरू हुए इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय, क्लस्टर, विकासखंड और जिला स्तर पर शिविर लगाए जा रहे हैं।सीएम हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदनों का पंजीयन और निराकरण किया जा रहा है। अभियान के अंतिम चरण में जिला स्तर पर शिविर आयोजित कर शेष आवेदनों का निराकरण किया जाएगा ।

# दो निगमकर्मी की हुई थी मौत : केंद्रीय समिति ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

**इंदौर।** चोइथराम मंडी में नगर निगम के दो कर्मचारियों की मौत के मामले में जांच तेज हो गई है। शुक्रवार को मामले की पड़ताल के लिए केंद्रीय समिति का दल इंदौर पहुंचा। टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली।समिति के साथ केंद्र सरकार में राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त गिल भी मौजूद थे। सूचना मिलने पर नगर निगम के कर्मचारी और राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र की पुलिस भी मौके पर पहुंची।करीब आधे घंटे तक समिति सदस्यों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निगम अधिकारियों से पूछा कि संबंधित चैंबर की लाइन का उपयोग किस काम के लिए होता है और घटना वाले दिन कर्मचारी वहां किस कार्य के लिए पहुंचे थे। समिति ने निगम स्टाफ और पुलिस से मामले के प्रमाण और जानकारी भी जुटाई। जांच के बाद समिति अपनी रिपोर्ट केंद्र और राज्य सरकार को सौंपेगी।

**क्या था पूरा मामला-**घटना करीब 3 मार्च की है। उस दिन कर्मचारियों की ड्यूटी शाम 5 बजे तक थी। शाम 6.30 बजे नगर निगम के तीन कर्मचारी जोन 13 क्षेत्र में सीवर लाइन की सफाई कर रहे थे। चैंबर को मशीन और सक्शन टैंकर की मदद से खाली किया जा रहा था। इसी दौरान सफाई में इस्तेमाल होने वाले पाइप का हिस्सा चैंबर के अंदर गिर गया। उसे निकालने एक कर्मचारी अजय उतरा, लेकिन कुछ देर तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर दूसरा कर्मचारी करण भी उतर गया। जहरीली गैस के कारण दोनों की मौत हो गई।

**मुख्यमंत्री ने किया मुआवजे का ऐलान-**घटना के बाद सीएम ने मामले का संज्ञान लेते हुए दोनों मृतक कर्मचारियों के परिवारों को 30-30 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के 2023 में दिए गए दिशा-निर्देशों के आधार पर लिया गया है।

**नगर निगम का बयान-**निगम के मुताबिक कर्मचारी करण बिना सूचना दिए पाइप निकालने उतरा था और उसी दौरान गिर पड़ा।उसे बचाने अजय गया था। घटना की जानकारी मिलते ही महापौर पुष्यमित्र भार्गव,कमिश्नर क्षितिज सिंघल और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया था। फिलहाल मामले की जांच जारी है।



# तरबूज की बंपर आवक से कीमतों में भारी गिरावट

**रमजान में बढ़ी मांग के बावजूद मंडी में 8 से 12 रुपए किलो बिक रहा**

**इंदौर।** गर्मी के मौसम में शरीर को ठंडक देने वाला फल तरबूज इन दिनों बाजार में सस्ता हो गया है। रमजान माह के दौरान इसकी मांग बढने के बावजूद भारी आवक के कारण कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की जा रही है। इंदौर की चोइथराम मंडी में प्रतिदिन 100 टन से अधिक तरबूज की आवक हो रही है, जिससे बाजार में दाम नीचे आ गए हैं।

तरबूज व्यापारी राकेश के अनुसार मालवा, निमाड़, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर के साथ-साथ महाराष्ट्र और गुजरात से भी बड़ी मात्रा में तरबूज मंडी में पहुंच रहे हैं। करीब 15 दिन पहले जो तरबूज 20 से 25 रुपए प्रति किलो बिक रहा था, वह अब 8 से 12 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गया है।रमजान के दौरान मुस्लिम समाज के लोग रोजा खोलने के समय तरबूज का सेवन अधिक करते हैं, क्योंकि यह शरीर में पानी की कमी दूर कर ठंडक पहुंचाता है। हालांकि इस बार भारी उत्पादन और आवक के कारण कीमतों में गिरावट देखी जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान बढ? के साथ तरबूज की मिठास और रंग में भी सुधार होगा। यदि आवक इसी तरह अधिक रही तो कीमतें 5 से 7 रुपए प्रति किलो तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

# नारकोटिक्स ने फरार 16 आरोपियों पर इनाम घोषित किया

**इंदौर।** एनडीपीएस एक्ट में लंबे समय से फरार चल रहे 16 आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए नारकोटिक्स विभाग ने कोशिश की, मगर सफलता नहीं मिल पाई। अब इन आरोपियों पर अलग-अलग इनाम राशि घोषित की गई है। विभाग के डीआईजी महेशचंद जैन ने बताया कि आरोपी मांगीलाल पिता काजाराम चौधरी निवासी काजो की ढाणी, ग्राम जेलात्रा, जिला जालौर पर 20,000, गोविंद पिता मोतीलाल मीणा निवासी ग्राम गमेरपुरा जिला नीमच, राकेश पिता जगदीश गुर्जर निवासी ग्राम बोरखेड़ी चारण जिला मंदसौर, दिलीप पिता मोहनलाल अहीर निवासी ग्राम बमोरी जिला नीमच, विनोद पिता आशाराम मीणा निवासी ग्राम जाजली प्रतापगढ़, मिश्रीलाल पिता भंवरलाल कुमावत निवासी मोराकलां जिला पाली, ओंकार सिंह उर्फ लाल सिंह पिता गेनचन्द्र सिंह निवासी अहमदनगर तथा रमेश पिता रत्नाराम विश्नोई निवासी ग्राम मोटाई सावल नगर जोधपुर (राजस्थान) पर 10-10 हजार रुपए का इनाम रखा गया है।इसी प्रकार विरेंद्र सिंह उर्फ राहुल पिता उदय सिंह सौंधिया राजपूत निवासी ग्राम तुरकिया थाना नारायणगढ़, ओमप्रकाश पिता खंगाराम खिलेरी निवासी सांचौर, कैलाश पिता रुपाराम विश्नोई निवासी देशांतरीनाडी बाड़मेर, भागीरथ पिता हरदाराम विश्नोई निवासी सतरेन चैनासर जिला नागौर, गोपाल पिता लादूलाल जाट निवासी ग्राम दातड़ा छोटा भीलवाड़ा, भवानी सिंह पिता चतरसिंह निवासी ग्राम करौली जालौर, रोहित पिता भोला मंडल निवासी बैतूल और नीलेश पिता संजय पाटीदार निवासी परिचालिका नगर तिलक नगर इंदौर पर 5-5 हजार रुपए का इनाम रखा है।

# ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार, आजाद नगर पुलिस की लगातार दूसरी बड़ी कार्रवाई

**इंदौर।** शहर में नशे के सौदागरों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार तेज होता जा रहा है। आजाद नगर थाना पुलिस ने दूसरे दिन भी कार्रवाई करते हुए एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 16 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद की गई है।




पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह और डीसीपी कृष्ण लालचंदानी के निर्देश पर शहर में नशा तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एडिशनल डीसीपी सुमित केरकेट्टा और एसीपी रविंद्र बिलवाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी लोकेश सिंह भदौरिया की टीम क्षेत्र में संदिग्धों की चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक युवक को रोककर तलाशी ली, जिसमें उसके पास से 16 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी अजय निवासी मूसाखेड़ी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

पुलिस आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वह यह नशीला पदार्थ कहां से लाया था और शहर में किन-किन स्थानों पर इसकी सप्लाई करने वाला था।

# पति और ससुराल पक्ष पर प्रताडना के आरोप, महिला ने मांगा न्याय

**इंदौर।** शहर की रहने वाली मिनी सूद ने अपने पति आदर्श सूद और ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। मिनी का कहना है कि उनके पति, जेठ समीर सूद और जेठानी हनी सूद ने मिलकर उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताडित् किया तथा घर से बेदखल कर दिया। मिनी सूद ने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष ने छलपूर्वक उनके बच्चों को भी उनसे दूर कर दिया और उन्हें मिलने नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि बच्चों को उनसे दूर रखने के लिए तांत्रिक क्रियाओं का सहारा लिया गया। पीडित्रा का कहना है कि उन्होंने इस मामले में कोर्ट और प्रशासन से कई बार गुहार लगाई, लेकिन अब तक उन्हें राहत नहीं मिली है। उन्होंने प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री से भी हस्तक्षेप कर न्याय दिलाने की मांग की है।



## पांचवीं-आठवीं के छात्रों को मिल सकता है जनरल प्रमोशन

**इंदौर।** जिले के सरकारी स्कूलों में इस वर्ष कक्षा पांचवीं और आठवीं के छात्रों को अघोषित रूप से जनरल प्रमोशन देने की तैयारी की जा रही है। बताया जा रहा है कि मतदाता सूची पुनरीक्षण और अन्य शासकीय कार्यों में शिक्षकों की ड्यूटी लगने के कारण पढ़ाई और शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित हुईं। सूत्रों के अनुसार इस बीच जनगणना जैसे काम भी शुरू हो गए, जिससे शिक्षकों की उपलब्धता और कम हो गई। हालांकि विद्यार्थियों की परीक्षाएं आयोजित की गईं, लेकिन किसी भी छात्र को फेल नहीं किया जाएगा और सभी को अगली कक्षा में भेजने की तैयारी है। छात्रों को अंकसूची भी दी जाएगी, जिसमें उन्हें उत्तीर्ण दर्शाया जाएगा।


**रजिस्ट्रेशन ऑफ न्यूज पेपर (सेन्ट्रल) रूल्स, 1956 के अन्तर्गत मासिक आजाद बोल समाचार-पत्र के सम्बंध में स्वामित्व एवं अन्य विवरण विषयक जानकारी**

**घोषणा फार्म -4 (नियम 8 देखिए)**

| | |
|---|---|
| 1. **प्रकाशन का स्थान** | 105, लाला भाई मंजिल, 39-40, न्यू अली कॉलोनी खजराना, इंदौर |
| 2. **प्रकाशन अवधि** | मासिक |
| 3. **मुद्रक का नाम** | समीर खान |
| **नागरिकता** | भारतीय |
| **पता** | 105, लाला भाई मंजिल, 39-40, न्यू अली कॉलोनी खजराना, इंदौर |
| 4. **प्रकाशक का नाम** | समीर खान |
| **नागरिकता** | भारतीय |
| **पता** | 105, लाला भाई मंजिल, 39-40, न्यू अली कॉलोनी खजराना, इंदौर |
| 5. **सम्पादक का नाम** | समीर खान |
| **नागरिकता** | भारतीय |
| **पता** | 105, लाला भाई मंजिल, 39-40, न्यू आली कॉलोनी खजराना, इंदौर |
| 6. **स्वामित्व का नाम** | समीर खान |
| **नागरिकता** | भारतीय |
| **पता** | 105, लाला भाई मंजिल, 39-40, न्यू अली कॉलोनी खजराना, इंदौर |

मैं **समीर खान**, एतद् द्वारा घोषित करता हूँ कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही है।


**समीर खान**
प्रकाशक/मुद्रक

दिनांक 15 मार्च, 2026

# कटक के एससीबी मेडिकल कॉलेज में भीषण आग से 10 मरीजों की मौत

ओडिशा के प्रतिष्ठित SCB मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के ट्रॉमा केयर सेंटर में सोमवार तड़के करीब 3:00 बजे भीषण आग लग गई। इस दुखद हादसे में अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें से अधिकांश ट्रॉमा केयर घ्ळ में भर्ती मरीज थे। बचाव कार्य के दौरान अस्पताल के 11 कर्मचारी भी झुलस गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार तड़के कटक में ओडिशा सरकार द्वारा संचालित एएँ मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के ट्रॉमा केयर सेंटर में भीषण आग लगने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। मरीजों को सुरक्षित निकालने की कोशिश में अस्पताल के करीब 11 कर्मचारी झुलस गए। खबरों के मुताबिक, यह घटना सुबह करीब 3:00 बजे हुई, जब अस्पताल के ट्रॉमा केयर विभाग की पहली मंजिल पर अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि मरने वालों में ज़्यादातर वे मरीज थे जो ट्रॉमा केयर ICU में भर्ती थे।

**शॉर्ट सर्किट की आशंका**



**मरीजों को सुरक्षित जगह पर पहुंचाया गया-**आग लगते ही, अस्पताल का फायर सेफ्टी सिस्टम एक्टिवेट हो गया और अस्पताल के अग्निशमन विभाग ने तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी। आग पर काबू पाने के लिए घटनास्थल पर तुरंत तीन दमकल गाड़ियां भेजी गईं। दमकलकर्मियों ने आग बुझाने के लिए अथक प्रयास किया। इस दौरान अस्पताल के अंदर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और मरीजों के परिजन घबराकर इधर-उधर भागने लगे।

हालात को देखते हुए, अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने अस्पताल के कर्मचारियों, पुलिस और मरीजों के तीमारदारों के साथ मिलकर ICU में इलाज करा रहे मरीजों को बचाया और उन्हें एएँ अस्पताल के दूसरे विभागों में शिफ्ट कर दिया, SCB अस्पताल ओडिशा की एक प्रमुख सरकारी चिकित्सा सुविधा है। गंभीर हालत वाले मरीजों को अस्पताल के 'न्यू मेडिसिन ICU' में ट्रांसफर कर दिया गया।

**CM मोहन माझी अस्पताल पहुंचे-**खबर मिलते ही, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, स्वास्थ्य मंत्री मुकेश महालिंग के साथ, घटनास्थल पर हालात का जायजा लेने के लिए तुरंत अस्पताल पहुंचे। उन्होंने स्थिति की समीक्षा की और उन मरीजों से मुलाकात की जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। उन्होंने कहा, 'मैंने संबंधित अधिकारियों को घायल मरीजों के उचित इलाज के निर्देश दिए हैं।' मुख्यमंत्री ने हर मृतक के परिजनों के लिए 25 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी-जिनमें स्वास्थ्य सचिव, कटक के ज़िला कलेक्टर और अ्ग्ङ शामिल हैं-अभी घटनास्थल पर मौजूद हैं। प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्य तेज़ी से चलाए जा रहे हैं। अभी तक आग लगने का सही कारण स्पष्ट नहीं है, और घटना के बारे में विस्तृत जानकारी का इंतज़ार है।

**राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री मोदी ने दुख व्यक्त किया-**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा के एक अस्पताल में आग लगने की घटना में हुई जानमाल की हानि पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। मुर्मू ने X पर एक पोस्ट में कहा, ओडिशा के कटक में एक अस्पताल में आग लगने की दुखद घटना में हुई जानमाल की हानि से मैं बहुत दुखी हूँ। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएँ। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूँ।'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी जानमाल की हानि पर दुख व्यक्त किया और 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। PMO ने X पर एक पोस्ट में कहा, 'ओडिशा के कटक में एक अस्पताल में हुई दुर्घटना बहुत ही दुखद है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएँ। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ। इ्ग्ङि से हर मृतक के परिजनों को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएँगे।'

## जयशंकर ने बताया, कैसे भारतीय जहाजों के लिए ईरान से समुद्री रास्ता खुलवाया

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने होरमुज जलडमरूमध्य संकट के बीच भारत की कूटनीतिक पहल को लेकर स्पष्ट शब्दों में कहा है कि ईरान के साथ उनकी बातचीत से ठोस परिणाम मिले हैं। उन्होंने कहा कि संवाद का रास्ता अपनाने से भारतीय जहाजों को इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से गुजरने की अनुमति मिल सकी है। जयशंकर का यह बयान ऐसे समय आया है जब पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है।



हम आपको बता दें कि होरमुज जलडमरूमध्य को दुनिया के सबसे अहम समुद्री मार्गों में गिना जाता है। वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का लगभग पांचवां हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है। हाल के दिनों में ईरान द्वारा इस मार्ग पर कड़ी निगरानी और प्रतिबंध के कारण अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार में भारी उथल पुथल देखने को मिली है। कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़कर सौ डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गईं।

ऐसे संवेदनशील समय में जहां कई देश सैन्य विकल्पों पर विचार कर रहे हैं, वहीं भारत ने एक बार फिर साबित कर दिया कि मजबूत कूटनीति किसी भी टकराव से अधिक प्रभावी हो सकती है। हम आपको बता दें कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन, फ्रांस और यूनाइटेड किंगडम जैसे देशों से अपील की है कि वह इस समुद्री मार्ग की सुरक्षा के लिए युद्धपोत तैनात करें। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह का सैन्य कदम पश्चिम एशिया के पहले से जटिल संघर्ष को और भड़का सकता है। ऐसे माहौल में भारत की संवाद आधारित नीति कहीं अधिक व्यावहारिक और जिम्मेदार मानी जा रही है।विदेश मंत्री जयशंकर ने ईरान के नेतृत्व के साथ सीधे संवाद स्थापित किया और इसके परिणामस्वरूप दो भारतीय गैस टैंकर सुरक्षित रूप से होरमुज जलडमरूमध्य से गुजर सके। देखा जाये तो यह घटना केवल दो जहाजों के गुजरने की अनुमति भर नहीं है, बल्कि यह भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा और प्रभाव का भी संकेत है। जब कई शक्तिशाली देश इस संकट के समाधान को लेकर दुविधा में नजर आए, तब भारत ने बातचीत के जरिए रास्ता निकालकर यह दिखा दिया कि कूटनीतिक क्षमता के मामले में वह अब वैश्विक मंच पर एक मजबूत शक्ति बन चुका है।


## पीड़ित परिवारों को मिली 40-40 लाख की मदद

### केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने सौंपे चेक

हरियाणा के गुरुग्राम में बीते एक निर्माण स्थल पर हुए दर्दनाक हादसे के बाद, सरकार ने पीड़ित परिवारों को बड़ी राहत प्रदान की है। केंद्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ ने बृहस्पतिवार को गुरुग्राम पहुँचकर हादसे में जान गंवाने वाले सात श्रमिकों के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें 20-20 लाख रुपये के चेक सौंपे।गुरुग्राम के उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि प्रत्येक परिवार को हरियाणा सरकार के भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक (बीओसीडब्ल्यू) कल्याण कोष से अतिरिक्त 4 लाख रुपये और श्रमिक मुआवजा अधिनियम के तहत 15 लाख रुपये मिलेंगे। उन्होंने बताया कि इस तरह प्रत्येक परिवार को लगभग 40 लाख रुपये की कुल वित्तीय सहायता मिलेगी। मृतकों में से छह झारखंड के थे जबकि एक राजस्थान का था। यह घटना सोमवार शाम को गुरुग्राम जिले के सिधरावली गांव में निर्माणाधीन स्थल पर हुई। -इस भीषण हादसे में अपनी जान गंवाने वाले सात श्रमिकों में से छह झारखंड के रहने वाले थे, जबकि एक श्रमिक राजस्थान का था।



## 126 सीटों के लिए 9 अप्रैल को वोटिंग, क्या सरमा बचा पाएंगे सत्ता या गोगोई करेंगे पलटवार?



चुनाव आयोग ने आज शाम 4 बजे नई दिल्ली के विज्ञान भवन में एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस कर असम समेत पांच राज्यों के चुनावी कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि असम की 15वीं विधानसभा का कार्यकाल 20 मई को खत्म हो रहा है, इसलिए राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समय पर पूरा किया जाएगा। असम की सभी 126 सीटों के लिए चुनावी बिगुल बज चुका है।

**एक ही चरण में होगी वोटिंग, 4 मई को आएंगे नतीजे-**असम में इस बार विधानसभा चुनाव केवल एक ही चरण में संपन्न होंगे। राज्य की सभी सीटों पर 9 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। इसके बाद, वोटों की गिनती 4 मई को होगी और उसी दिन परिणाम घोषित किए जाएंगे। इस बार असम के लगभग 2.5 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे, जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 1.25 करोड़ है।

**सत्ता बरकरार रखने और खोई जमीन पाने की जंग-**राज्य की 126 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत के लिए 64 सीटों की जरूरत होती है। वर्तमान में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व वाले बीजेपी गठबंधन के पास 86 सीटें हैं, जो बहुमत से काफी ज्यादा है। वहीं, कांग्रेस के पास महज 22 सीटें हैं। इस बार मुख्य मुकाबला बीजेपी और कांग्रेस के बीच माना जा रहा है। जहां बीजेपी अपनी सत्ता बचाने के लिए पूरी ताकत लगा रही है, वहीं कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के नेतृत्व में विपक्ष वापसी की उम्मीद कर रहा है।

**चुनाव आयोग ने कसी कमर-**मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने चुनावी तैयारियों की जानकारी दी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक समीर खान के द्वारा राजा ऑफसेट प्रिंटर्स, 863/9, नेहरू नगर, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं 105, लाला भाई मंजिल, 39-40 न्यू अली कॉलोनी खजराना, इंदौर से प्रकाशित। संपादक-समीर खान* (9424018786), सह-संपादकः अदनान अली (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)
Email : sameer18786@gmail.com (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)